University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 15 November 2021

UNIVERSITY OF LUCKNOW
LIGHT AND LEARNING

**PIONEER PAGE 4**

## बीएड में सीधे दाखिले के तहत आखिरी दिन 94544 छात्रों ने लिया प्रवेश

**लखनऊ।** प्रदेश भर में बीएड की रिक्त एक लाख 15 हजार सीटों पर चल रही सीधे दाखिले की प्रक्रिया के आखिरी दिन रविवार तक 94544 छात्रों ने प्रवेश लिया। दाखिले की प्रक्रिया मध्य रात्रि तक जारी रहने से छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी सम्भव है। बीएड प्रवेश परीक्षा राज्य समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि मुख्य राउंड की काउंसलिंग में 118051 स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया था। जबकि पूल काउंसलिंग में 18305 स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया था। प्रो बाजपेयी के अनुसार 16 नवम्बर से अल्पसंख्यक कालेजों में बीएड पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पहली बार अलग से काउंसलिंग शुरू होगी। यह दाखिले का आखिरी चरण होगा। प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि कई बार अल्पसंख्यक कालेज अपनी स्वयं की परीक्षा आयोजित न करके संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को वरीयता सूची से चयन करके अपनी प्रक्रिया पूरी करते हैं। बाद में प्रवेश वाले छात्रों की सूची सत्यापित करने के लिए भेजते हैं। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है। इसलिए इसे सरल बनाने के लिए अलग से काउंसलिंग कराई जाएगी। यदि अल्पसंख्यक संस्थान चाहें तो इस काउंसलिंग से सीटें भर सकते हैं। हालांकि उनके लिए यह अनिवार्य नहीं है।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## कोरोना के बाद एक बार फिर गुलजार होंगे एलयू के मैदान

**तैयारी**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

कोरोना से कुछ राहत मिलने पर हर क्षेत्र में चीजें सामान्य होने लगी हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में पहले प्रवेश प्रक्रिया को सामान्य करने के प्रयास हुए, अब कक्षाएं भी पुराने कलेवर में लौट रही हैं और जल्द ही यहां खिलाड़ी भी पसीना बहाते दिखेंगे।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने हाल ही में 2021-22 का स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी किया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि अब विश्वविद्यालयों में खेलकूद की गतिविधियां भी सुचारू रूप से शुरू हो जाएंगी, जो कि बीते वर्ष कोरोना के चलते नहीं हो पाई थीं। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी प्रो. देशदीपक ने बताया कि अभी एआईयू ने खेलकूद की इन गतिविधियों की तारीखें नहीं जारी की हैं। जैसे ही वहां से तारीखें जारी हो जाएंगी, यहां भी स्पोर्ट्स मीट की रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। उनका दावा है कि विश्वविद्यालय स्तर पर उनकी तैयारी पूरी है। प्रवेश प्रक्रिया भी लगभग समाप्त है तो अब स्पोर्ट्स के लिए भी सेलेक्शन ट्रायल शुरू होंगे।

**17** ओपेन जिम खोले गए हैं एलयू छात्र-छात्राओं के लिए

**35** मशीनें लगाई गई हैं, छात्र करते हैं व्यायाम

### परीक्षाओं के बाद स्पोर्ट्स मीट!

तारीखों को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से कोई आधिकारिक बात नहीं कही जा रही है लेकिन अभी चूंकि दिसम्बर और जनवरी में सेमेस्टर परीक्षाएं होनी हैं, तो संभावना यही है कि इन परीक्षाओं के बाद ही स्पोर्ट्स मीट कराई जाएगी।

### कई स्पोर्ट्स उपकरण भी लगाए गए

प्रो. देशदीपक ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों (ओल्ड व न्यू) में स्थित सभी 17 छात्रावासों में ओपेन जिम बनाए गए हैं, जो कि लगभग तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा मुख्य कैम्पस स्थित सर महाराजा सिंह जिम्नेजियम को भी छात्रों के लिए खोल दिया गया हैं। यहां 35 मशीनें लगाई गई हैं जहां छात्र फिट रहने के लिए अक्सर पसीना बहाते नजर आते हैं। इसके अलावा कई और स्पोर्ट्स उपकरण भी खरीदे गए हैं।

## सीधे प्रवेश प्रक्रिया में काफी सीटें फुल

**लखनऊ।** प्रदेश के बीएड कॉलेजों में मुख्य काउंसलिंग और पूल काउंसलिंग के बाद जो डेढ़ लाख सीटें खाली बची थीं, सीधे प्रवेश का राउंड उनके लिए बेहद मुफीद साबित हुआ है।

रविवार को सीधे प्रवेश प्रक्रिया का अंतिम दिन था और देर शाम तक बची सीटों में 94544 पर प्रवेश हो चुके थे। प्रवेश की प्रक्रिया रविवार को मध्य रात्रि तक चलनी थी और समिति को पूरी उम्मीद थी कि राउंड खत्म होने तक यह संख्या एक लाख तक पहुंच जाएगी। बता दें कि बीएड प्रवेश की मुख्य काउंसलिंग में 110851 प्रवेश हुए थे

**AMRIT VICHAR PAGE 5**

## सीधे प्रवेश प्रक्रिया में काफी सीटें फुल

**लखनऊ।** प्रदेश के बीएड कॉलेजों में मुख्य काउंसलिंग और पूल काउंसलिंग के बाद जो डेढ़ लाख सीटें खाली बची थीं, सीधे प्रवेश का राउंड उनके लिए बेहद मुफीद साबित हुआ है। रविवार को सीधे प्रवेश प्रक्रिया का अंतिम दिन था और देर शाम तक मिली जानकारी के अनुसार बची सीटों में 94544 पर प्रवेश हो चुके थे। बतादें कि बीएड प्रवेश की मुख्य काउंसलिंग में 110851 प्रवेश हुए थे, वहीं पूल काउंसलिंग में केवल 18305 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया। दोनों राउंड के बाद भी लगभग डेढ़ लाख सीटें खाली रह गई थीं, जिनमें आधी से ज्यादा सीधे प्रवेश से भरी जा चुकी हैं।